CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

कृष्णदास संस्कृत सीरीज ९९

5.1

छन्दोमञ्जरी

'सुधा' संस्कृत-हिन्दीव्याख्योपेता

(संशोधितं परिवर्द्धितं संस्करणम्)

व्याख्याकार:
पं. परमेश्वरदीन पाण्डेयः

चौखम्बा कृष्णदास अकादमी, वाराणसी

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

कृष्णदास संस्कृत सीरीज
९९
****

श्रीगङ्गादासप्रणीता

छन्दोमञ्जरी

'सुधा'-संस्कृत-हिन्दीव्याख्योपेता
(संशोधितं परिवर्द्धितं संस्करणम्)

व्याख्याकारः
पं० परमेश्वरदीन पाण्डेयः
एम. ए., (संस्कृत-हिन्दी), साहित्याचार्यः, साहित्यरत्नम्

संस्कर्ता सम्पादकश्च
आचार्य पं० सत्यनारायणशास्त्री खण्डूड़ी

चौखम्बा कृष्णदास अकादमी, वाराणसी

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

प्रकाशक : चौखम्बा कृष्णदास अकादमी, वाराणसी
मुद्रक : चौखम्बा प्रेस, वाराणसी
संस्करण : पुनर्मुद्रित, सन् २०११
मूल्य : रु. ४५.००

© चौखम्बा कृष्णदास अकादमी
के० ३७/११८, गोपाल मन्दिर लेन
(गोपाल मन्दिर के उत्तरी फाटक पर)
पो० बा० नं० १११८, वाराणसी–२२१००१ (भारत)
फोन : २३३५०२०

अपरं च प्राप्तिस्थानम्
चौखम्बा संस्कृत सीरीज आफिस
के० ३७/९९, गोपाल मन्दिर लेन
(गोपाल मन्दिर के उत्तरी फाटक पर)
गोलघर (मैदागिन) के पास
पो० बा० नं० १००८, वाराणसी—२२१००१ (भारत)
फोन : २३३३४५८ (आफिस), २३३४०३२ एवं २३३५०२० (आवास)
e-mail : cssoffice@satyam.net.in
web site : www.chowkhambaseries.com

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

KRISHNADAS SANSKRIT SERIES
99

***

CHANDOMAÑJARĪ

Of

GANGADAS

With

'Sudha' Sanskrit-Hindi Commentaries

By

Pt. Parameshwardin Pandey
M.A. (Sanakrit-Hindi), Sahityacharya, Sahityaratna

Edited By

Acharya Pt. Satyanarayan Shastri Khanduri

CHOWKHAMBA KRISHNADAS ACADEMY
Varanasi

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

Publisher : Chowkhamba Krishnadas Academy, Varanasi
Printer : Chowkhamba Press, Varanasi

© CHOWKHAMBA KRISHNADAS ACADEMY
Oriental Publishers & Distributors
K. 37/118, Gopal Mandir Lane
Post Box No. 1118, Varanasi- 221001
(INDIA)
Phone : 2335020

Also can be had from :

CHOWKHAMBA SANSKRIT SERIES OFFICE
Publishers and Oriental and Foreign Book-sellers
K . 37/99, Gopal Mandir Lane
At the North Gate of Gopal Mandir
Near Golghar (Maidagin)
Post Box No. 1008, Varanasi- 221001 (India)
Phone { Office : 2333458
Resi. : 2334032, 2335020
e-mail : cssoffice@satyam.net.in
web-site : www.chowkhambaseries.com

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

श्रीः

भूमिका

छन्दःशास्त्र का ऐतिहासिक परिचय

"छन्दः पादौ तु वेदस्य मुखं व्याकरणं स्मृतम्"

प्राक्तन उक्तियों के आधार पर यह प्रमाणित होता है कि षडङ्ग-वेदपुरुष का यह छन्दःशास्त्र पादस्वरूप प्रधान अंग है, पादप्रचलनक्रम से गतिशीलता प्राप्त होती है एवं वैदिक ऋचाएँ स्वरानुकूल छन्दः पर आधारित हैं, स्वर-व्यतिक्रम से अर्थ का अनर्थ हो जाता है, इसीसे वेद का पर्यायान्तर छन्दस् माना जाता है। साथ ही वैदिक वैशिष्ट्य के समान लौकिक वैशिष्ट्य भी छन्दःशास्त्र का सर्वमान्य है। इस प्रकार अनादिकाल से ही छन्दःशास्त्र की सत्ता विद्यमान है तथा वैदिक एवं लौकिक भेद से यह दो विधाओं में विभक्त है।

छन्दःशास्त्र के आदिप्रवर्तक भगवान् शंकर माने जाते हैं। देवेन्द्र, यास्कादि छः आचार्यों के अनन्तर परम्पराप्राप्त पिङ्गलाचार्य का नाम लिया जाता है। यद्यपि मतमतान्तरों के अन्तर्गत क्रमविपर्यय एवं नामविपर्यय भी पाया जाता है तथापि आदिप्रवर्तक आशुतोष शङ्कर तथा प्रधान आचार्य पिङ्गल निर्विवाद सिद्ध हैं।

छन्दोज्ञानमिदं भवाद्भगवतो लेभे सुराणां पतिः
तस्माद् दुश्च्यवनस्ततस्तु भरतो माण्डव्यनामा ततः।
माण्डव्यादपि सैतवस्तत ऋषिर्यास्कस्ततः पिङ्गलः
तस्येदं यशसा गुरोर्भुवि धृतं प्राप्यास्मदाद्यैः कृतम्॥
छन्दशास्त्रमिदं पुरा त्रिनयनाल्लेभे गुहोऽनादित-
स्तस्मात् प्राप सनत्कुमारकमुनिस्तस्मात्सुराणां गुरुः।
तस्माद् देवपतिस्ततः फणपतिस्तस्माच्च सत्पिङ्गल-
स्तच्छिष्यैर्बहुभिर्महात्मभिरथो मह्यां प्रतिष्ठापितम्॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

पुराप्रवृत्त छन्दःशास्त्र की अत्यन्त दुरूहता को दृष्टिगत कर आचार्य पिंगल ने सर्वप्रथम 'छन्दःसूत्र' (पिङ्गल) की रचना कर इसे सुनियोजित करने का श्रेय प्राप्त किया। इसकी अनेक प्राचीन संस्कृत-टीकाएँ भी लिखी गयीं। तदनन्तर केदारभट्ट-विरचित वृत्तरत्नाकर, क्षेमेन्द्र-प्रणीत सुवृत्ततिलक, कालिदासकृत श्रुतबोध, हेमचन्द्रकृत छन्दोनुशासन तथा गङ्गादासरचित छन्दोमञ्जरी आदि प्रसिद्ध छन्दोग्रन्थों का प्रणयन हुआ।

अनावश्यक विस्तार को छोड़कर प्रस्तुत प्रसंग— छन्दोमञ्जरी-ग्रन्थ, ग्रन्थकार, छन्दः, छन्दभेद-प्रभेद, छन्दप्रयोग एवं उपयोगिता तथा संवर्धित नवीन इस संस्करण की विशेषता का संक्षेपतः दिग्दर्शन कराया जाता है।

छन्दोमञ्जरीकार गङ्गादास

ग्रन्थ के मंगलाचरण से ज्ञात होता है कि छन्दोमञ्जरीकार गंगादास के पिता का नाम वैद्य गोपालदास तथा माता का नाम सन्तोषा था। पितृनामनिर्देशपूर्वक छन्दों के उद्धरणश्लोकों से प्रतीत होता है कि वैद्य गोपालदास पारिजातहरण आदि अनेक ग्रन्थों के रचयिता थे, तथा विद्वत्समाज में सम्मानित थे। गंगादास का जन्मकाल इतिहासकारों ने कई अनेक पुष्ट-प्रमाणों के आधार पर ईसवीय अट्ठारहवीं शताब्दी का उत्तरार्द्ध निश्चित किया है। इनकी अन्य रचनाएँ—अच्युतचरितमहाकाव्य, कृष्णशतक, सूर्यशतक आदि प्रसिद्ध हैं, यह इनके इसी ग्रन्थ की समाप्ति पर उपसंहारात्मक श्लोक से स्पष्ट हो जाता है।

प्रस्तुत ग्रन्थ छन्दोमञ्जरी

छन्दो की मञ्जरी-स्वरूप—यह छन्दोमञ्जरी नाम सार्थक है। इससे पूर्व प्रचलित ग्रन्थ अतीव क्लिष्ट, विस्तृत अथवा सूत्रस्वरूप ही थे। साथ ही वैदिक छन्दों के दुरूह प्रसंगों से तथा अप्रचलित लौकिक छन्दों की वहुलता से विषय बोधगम्य नहीं हो पाता था। जो अन्य कुछ उपादेय भी रहे, वे भी सर्वांगपूर्ण, सम्यक् उदाहरण-प्रत्युदाहरणों से सम्पन्न तथा व्यावहारिक एवं भावावबोधन में सक्षम नहीं थे। इस महती त्रुटि की पूर्ति-हेतु गंगादास ने

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

सरल, सरस, मनोरम, प्राञ्जल भाषा-शैली में उदाहरण-प्रत्युदाहरणों से परिपूर्ण व्यावहारिक एवं आवश्यक छन्दों का ही इसमें समावेश कर सार्थक छन्दोमञ्जरी नामक ग्रन्थ की रचना की। जैसा कि स्वयं ग्रन्थ-समापन पर उनकी उक्ति है—

व्यवहारोचितं प्रायो मया छन्दोऽत्र कीर्तितम्।
प्रस्तारादिपुनर्नोक्तं केवलं कौतुकं हि तत्॥

यही कारण है कि इस छन्दोमञ्जरी-ग्रन्थ को सर्वत्र विद्वानों द्वारा समादर प्राप्त हुआ तथा इसकी उपयोगिता में वृद्धि होती गई। आज भी यह अधिकांश शिक्षा-संस्थानों द्वारा पाठचग्रन्थस्वरूप स्वीकृत है। और इसपर अनेक प्राचीन अर्वाचीन विद्वानों ने संस्कृत-हिन्दी-बंगला आदि अनेक भाषाओं में टीकाएँ कीं। अतः छन्दःशास्त्रीय ग्रन्थों में इसका अपना एक विशिष्ट स्थान है।

छन्दः

"चित्ताह्लादजनकं छन्दः" जिससे चित्त आह्लादित हो उसे छन्दः कहते हैं। यूँ तो छन्दः के अनेक अर्थ हैं, किन्तु हमें यहाँ जो अभिप्रेत है, वह व्युत्पत्तिधायक शब्दार्थ उसका यही है। जिस प्रकार संगीत में स्वर, ताल, लय के द्वारा राग रागिणियों से रस प्रवाहित होता है और उससे श्रोता-वक्ता को चित्ताह्लाद की अनुभूति होने लगती है। ठीक इसी प्रकार लघुगुरुस्वरसंयोजित छन्दोबद्ध काव्य के वक्ता-श्रोता को भी चित्ताह्लाद की अनुभूति होती है, आनन्द प्राप्त होता है। वही 'छन्दः' छन्दःशास्त्रीय नियतनियमपूर्वक लघु-गुरुस्वरवर्णात्मक संयोजन से रचना में प्रयुक्त होता है तथा छन्दः नाम से कहलाता है।

छन्दोविधायक

छन्दःशास्त्र से सम्बन्धित कुछ पारिभाषिक शब्द, परिभाषाएँ, नियम, संकेत एवं मान्यताएँ हैं, जिनका समासरूप से परिचय आवश्यक प्रतीत होता है, सविस्तर ग्रन्थ में ही विन्यस्त है।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

सर्वप्रथम यह ज्ञातव्य है कि समस्त छन्द-शास्त्र—म-य-र-स-त-ज-भ-न-ग-ल—इन संकेतात्मक दशवर्णों में ही समाहित है, जैसे परमात्मा में तीनों लोक।

म्यरस्तनम्नगैर्लान्तैरेभिर्दशभिरक्षरैः।
समस्तं वाङ्मयं व्याप्तं त्रैलोक्यमिव विष्णुना ।।

यह कैसे ? अतः इसे भली-भाँति पहले अनुगम कर लेना चाहिए, तभी आगे गति सम्भव है। इसके पूर्व कुछ पारिभाषिक शब्दों का अर्थ समझ लें, जो नीचे दिये जा रहे हैं। इसी में उपरोक्त संकेतों का भी समावेश हो जायगा, समझने में भी सुविधा होगी।

गुरु-लघु—एकमात्रिक (ह्रस्व) वर्ण को लघु तथा द्विमात्रिक (दीर्घ) वर्ण को गुरु कहा जाता है। लघु का चिह्न एक सीधी खडी पायी (।-) है और गुरु का चिह्न एक अंग्रेजी एस के आकार का टेढ़ा विकार (ऽ) होता है। गुरु का संकेताक्षर 'ग' तथा लघु का संकेताक्षर 'ल' है। अर्थात् ':ग' से गुरु का बोध होता है तथा 'ल' से लघु का। जैसा कि उपरोक्त दस अक्षरों वाले सूत्र के अन्तिम 'ग.' 'ल.' अक्षर से बोध होता है।

एकमात्रो भवेद्ह्रस्वो द्विमात्रो दीर्घ उच्येत।
त्रिमात्रस्तु प्लुतो ज्ञेयो व्यञ्जनश्चार्धमात्रकम् ।।
गुरुरेको गकारस्तु लकारो लघुरेककः।
क्रमेण चैषां रेखाभिः संस्थानं दर्श्यते यथा ।।

गुरु-लघु-विधान—ह्रस्व-दीर्घ मात्रा के अतिरिक्त लघु-गुरु-बोध का विधान रचना में यह है कि—दीर्घस्वरयुक्त वर्ण के अतिरिक्त लघु वर्ण भी यदि अनुस्वार से युक्त हो, विसर्गयुक्त हो एवं संयुक्त अक्षर से पूर्व हो तो गुरु हो जाता है। तथा पाद के अन्त का लघु वर्ण विकल्प से गुरु तथा गुरु वर्ण विकल्प से लघु हो जाता है। किन्तु यह विकल्प प्रयोजनानुसार ही होता है। जैसा छन्दःपूर्ति के लिए अपेक्षित हो।

सानुस्वारश्च दीर्घश्च विसर्गी च गुरुर्भवेत्।
वर्णः संयोगपूर्वश्च तथा पादान्तगोऽपि वा ।।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

गण — गण का सामान्य अर्थ समूह होता है। यहाँ गण शब्द पारिभाषिक है। छन्दःशास्त्र में गण कहने से किसी निश्चित संकेत का बोध होता है। ये गण उपरोक्त गुरु-लघु वर्णों के आधार पर बनते हैं। इनके बनाने का दो प्रकार से विधान है।

गणभेद—१. त्रिवर्णात्मक गण २. चतुष्कलात्मक गण।

त्रिवर्णात्मक गण—त्रिवर्णात्मक गण तीनों वर्णों के पृथक्-पृथक् गुरु-लघु संकेतों से बनते हैं। यह वृत्त-छन्दों में पूर्णतया तथा आर्यातिरिक्त छन्दों में आंशिक रूप से प्रयुक्त होते हैं। ये संख्या में पूर्वोक्त प्रकार से आठ हैं। इनके संकेताक्षर 'मयरसतजमन' पूर्व बताये जा चुके हैं। 'म' से मगण समझना चाहिए। इसमें तीनों वर्ण गुरु होते हैं। गुरु के तीन चिह्नों (SSS) से उसे संकेतित किया जाता है। अर्थात् तीन SSS गुरु चिह्नों से मगण का बोध होता है। 'म' के संकेताक्षर से मगण समझा जाता है। इसी प्रकार आठों गणों के नाम, संकेताक्षर तथा चिह्न नीचे दिये जा रहे हैं। उन्हें ध्यानपूर्वक अनुगम कर लें।

मस्त्रिगुरुस्त्रिलघुश्च नकारो भादिगुरुः पुनरादिलघुर्यः।
जो गुरुमध्यगतो रलमध्यः सोऽन्तगुरुः कथितोऽन्तलघुस्तः॥
आदिमध्यावसानेषु यरता यान्ति लाघवम्।
भजसा गौरवं यान्ति मनौ तु गुरुलाघवम्॥

गणबोधक तालिका

मगण = म.	यगण = य.	रगण = र.	भगण = भ.
SSS	ISS	SIS	SII
सगण = स.	तगण = त.	जगण = ज.	नगण = न.
IIS	SSI	ISI	III

चतुष्कलात्मक गण—चार मात्राओं की गणना से एक चतुष्कलात्मक-गण बनता है। यह आर्या आदि छन्दों में प्रयुक्त होता है। इनकी संख्या पाँच है। नाम तथा चिह्न नीचे दिये जा रहे हैं—

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

सर्वगुरु	अन्तगुरु	मध्यगुरु	आदिगुरु	सर्वलघु
SS	IIS	ISI	SII	IIII

यति—उच्चारण करते समय जिस स्थान पर जिह्वा कुछ विश्राम लेती है, उसे यति कहते हैं। उचित स्थान पर यति-प्रयोग छन्दः का शोभाधायक होता है। प्रत्येक छन्दः में पृथक्-पृथक् स्थान पर यति-विधान मूल-लक्षण में ही कर दिया गया है। उसी-उसी स्थान पर यति करना चाहिए।

यतिर्जिह्वेष्टविश्रामस्थानं कविभिरुच्यते।
सा विच्छेदविरामाद्यैः पदैर्वाच्या निजेच्छया॥
यदा तीव्रप्रयत्नेन संयोगादेरगौरवम्।
न च्छन्दोभङ्ग इत्याहुस्तदा दोषाय सूरयः॥
एवं यथा यथोद्वेगः सुधियां नोपजायते।
तथा तथा मधुरतानिमित्तं यतिरिष्यते॥
श्लोकेषु नियतस्थाने पदच्छेदं यतिं विदुः।
तदपेतं यतिभ्रष्टं श्रवणोद्वेजनं यथा॥

छन्दःप्रभेद

छन्दःशास्त्र की सत्ता अनादिकाल से विद्यमान है तथा वैदिक एवं लौकिक भेद से यह द्विधा विभक्त है, यह पूर्व ही प्रतिपादित कर दिया गया है।

इस प्रकार प्रथम वैदिक एवं लौकिक दो भेद छन्दः के हैं। वैदिक छन्दों का अतिविस्तृत वर्णन है, किन्तु समस्त वैदिक छन्दों में सात छन्दः प्रधान रूप से प्रसिद्ध हैं, जिनकी गणना—गायत्री, उष्णिक्, अनुष्टुप् पृथ्वी, पंक्ति, त्रिष्टुप् तथा जगती नाम से की जाती हैं।

लौकिक छन्दः प्रथम दो प्रकार के होते हैं—

१. वृत्त एवं, २. जाति।

वृत्त—जिनमें अक्षरों की गणना होती है उन्हें वृत्तछन्दः कहा जाता है। जैसे—उक्थादि -श्री, स्त्री, स्रग्धरा, मन्दाक्रान्ता आदि।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

जाति---जिनमें मात्राओं की गणना की जाती है उन्हें जातिछन्दः कहते हैं। जैसे---आर्या आदि।

पद्यं चतुष्पदी तच्च वृत्तं जातिरिति द्विधा।
वृत्तमक्षरसंख्यातं जातिर्मात्राकृता भवेत्॥
अक्षरैर्गणना यत्र तद्वृत्तमिति कथ्यते।
मात्राभिर्गणना यत्र सा जातिरभिधीयते॥

इन वृत्त एवं जाति छन्दों के भेद, उपभेद एवं अवान्तर भेद भिन्न-भिन्न आचार्यों के मतानुसार भिन्न-भिन्न अनेक संख्याओं में विभक्त हैं। पुनः उनके भी अनेक अवान्तर भेद हो जाते हैं। यहाँ प्रस्तुत ग्रन्थ छन्दोमञ्जरी के मतानुसार ही सभी भेदोपभेदों का संक्षेपतः दिग्दर्शन मात्र कराया जा रहा है।

वृत्त

वृत्त---वृत्त में अक्षरों की गणना होती है, छन्दः में प्रयुक्त ह्रस्व-दीर्घ वर्ण के अनुसार लघु-गुरु संकेतों के आधार पर गण बनाकर छन्द का लक्षण घटाया जाता है। वृत्त के प्रथम निम्न निर्दिष्ट प्रकार से तीन भेद होते हैं---

१. सम, २. अर्धसम एवं, ३. विषम।

समवृत्त---जिस छन्दः के चारों पादों में एक समान वर्ण हों उन्हें समवृत्त कहा जाता है। वृत्त के इस समभेद के पुनः अक्षरों के ह्रास-वृद्धि-क्रम से २६ भेद होते हैं। जैसे -- उक्था, अत्युक्था, मध्या, प्रतिष्ठा आदि। जिस छन्द के प्रत्येक पाद में एक अक्षर हो उसे उक्था, जिसके प्रत्येक पाद में दो अक्षर हों उसे अत्युक्था कहते हैं। इसी प्रकार एक-एक अक्षर की वृद्धि से प्रत्येक पाद में २६ अक्षर-पर्यन्त २६ भेद समवृत्त के हो जाते हैं। इन २६ प्रकार के उक्थादि छन्दों के पुनः अनेक अवान्तर भेद हैं।

इनके अतिरिक्त २७ वें अक्षर से ९ प्रकार के दण्डक छन्दों का प्रारम्भ होता है। इन ९ प्रकार के दण्डकों के भी अनेक अवान्तर भेद हैं। ये सभी समवृत्त छन्दों के अन्तर्गत ही आते हैं।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

अर्धसमवृत्त—जिस छन्दः के प्रथम एवं तृतीय पाद में एक-समान तथा द्वितीय एवं चतुर्थ पाद में एक-समान वर्ण होते हैं उसे अर्धसमवृत्त कहते हैं। वृत्त के द्वितीय भेद इस अर्धसमवृत्त के भी मतान्तर से ६।१२।१८ अवान्तर भेद माने जाते हैं।

विषमवृत्त—जिस छन्द के चारों पाद भिन्न-भिन्न लक्षणों से युक्त हों उसे विषमवृत्त कहा जाता है। इसके भी पुनः उद्‌गतादि नाम से ८ अथवा ११ भेद भिन्नमतानुसार हो जाते हैं।

समम‌र्धसमं वृत्तं विषमञ्चेति तत् त्रिधा।
समं समचतुष्पादं भवत्यर्धसमं पुनः॥
आदिस्तृतीयवद् यस्य पादस्तुर्यो द्वितीयवत्।
भिन्नचिह्नचतुष्पादं विषमं परिकीर्तितम्॥

जाति

जाति—जाति छन्दों में मात्राओं की गणना होती है छन्द के जातिभेद मात्राछन्दों में पथ्या, विपुला, चपला, गीति आदि नव भेदों वाला आर्या छन्द माना जाता है। इसमें गण-शब्द से वर्णत्रयात्मक नगण आदि का ग्रहण नहीं होता है, अपितु चतुष्कलात्मक गणों को ही ग्रहण किया जाता है।

ज्ञेयाः सर्वान्तमध्यादिगुरवोऽत्र चतुष्कलाः।
गणाश्चतुर्लघूपेताः पञ्चार्यादिषु संस्थिताः॥

इनके अतिरिक्त वैतालीय, पज्झटिका आदि अपने अवान्तर भेदों के साथ कई प्रकार के होते हैं।

एवं प्रकार से छन्दों के अनेक प्रकार हैं। इनके प्रयोगों के भी छन्दः-शास्त्र में रसानुकूल नियम निर्धारित किये गये हैं। जिनका संकेतमात्र निर्दिष्ट है—

रसानुरूप एवं प्रसङ्गानुरूप छन्दों का प्रयोग

१. इतिहास-पुराण-प्रसङ्गों में, उपदेश-प्रधान वाक्य में एवं सामान्य

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

सर्गबन्ध काव्यों में अनुष्टुप् छन्दों का प्रयोग होता है। सर्ग की समाप्ति पर मालिनी छन्दः का प्रयोग उपयुक्त माना गया है।

२. शृङ्गाररस-प्रधान वर्णनों में एवं वसन्तादि ऋतुओं के वर्णन में उपजाति छन्दः का प्रयोग उत्तम है।

३. यौवनोद्भव, चन्द्रोदय, उद्यानादि उद्दीपक विभावों के वर्णन-प्रसङ्गों में रथोद्धता छन्दः का प्रयोग होता है।

४. विप्रलम्भशृङ्गार रस के कथानकों में; वर्षाऋतु के वर्णन में, प्रवास में, परदेशगमन में, वासनादियों के वर्णन में मन्दाक्रान्ता छन्दः का प्रयोग करना चाहिए।

५. उदारता, रुचिरता, महत्ता, औचित्य आदि के विचार-विमर्श में हरिणी छन्दः का प्रयोग श्रेष्ठ माना गया है।

६. विश्लेषणात्मक व्याख्यानों में, युक्तियुक्त अर्थों के समर्थक परिच्छेदों में शिखरिणी छन्दः का प्रयोग करना चाहिए।

७. राज्याधिपतियों, सेनानायकों, शासनाध्यक्षों, शूरवीरों की प्रशंसापरक स्तुतियों में शार्दूलविक्रीडित छन्द का प्रयोग सर्वश्रेष्ठ है।

८. वीररस, रौद्ररस एवं इनसे सम्बन्धित प्रसङ्गों में वसन्ततिलका छन्द का उपयोग सर्वोत्तम कहा गया है।

९. वीरसेनानियों के प्रस्थान-प्रसंगों में दोधक वृत्त का प्रयोग छन्दः-शास्त्रज्ञों ने सर्वोपरि माना है।

१०. ट्रेन, बस, टेम्पो, स्कूटर आदि वाहन-प्रचलन-वार्ताओं में भी दोधक वृत्त उपयुक्त समझा गया है।

११. सैनिक, स्वयंसेवक एवं छात्रों के प्रशिक्षण प्रयोगों में तथा पथ-सञ्चलन आदि पदयात्राओं में द्रुतविलम्बित छन्द का प्रयोग होता है।

१२. समुद्र का ज्वार-भाटा, भूकम्प, विप्लव, उथल-पुथल आदि का वर्णन तोटक छन्द में किया जाता है।

१३. झंझावात का वर्णन स्रग्धरा छन्द में करना चाहिए।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

१४. क्रोध, आक्षेप, धिक्कार आदि के प्रसङ्गों में पृथ्वी छन्द का प्रयोग उत्तम कहा गया है।

१५. सन्धि, विग्रह, यात्रा, उपेक्षा, आश्रय, द्वैधीभाव, कोष, दुर्ग, चतुरंग शक्ति, राजैश्वर्य, सम्पत्ति, ऊहापोह, पराक्रम, उद्योग, उत्साह, वृद्धि, क्षय अभ्युदय आदि वर्णन-प्रसङ्गों में वंशस्थ छन्द का प्रयोग ही सर्वश्रेष्ठ है।

१६. शान्तरस-प्रधान, भक्ति, श्रद्धा, देवस्तुति आदि रचनाओं में शिखरिणी छन्द उत्तम है।

छन्दः की उपादेयता

छन्दः शब्द अनेकार्थक है। छन्दः के पर्याय—वेद, इच्छा, रुचि, आच्छादन चित्ताह्लाद तथा वृत्त आदि प्रसिद्ध हैं। प्रकृत प्रसंग में 'वृत्त'-अर्थपरक छन्दः शब्द का ही ग्रहण है। जिसका अर्थ हुआ गुरुलघुयतिघटित नियतनियमनिबद्ध रचना। अतः जिस प्रकार संगीतादि में नियतस्वरलयतालघटित रागरागिणियों से चित्त की आह्लादकता उत्पन्नहोती है। ठीक इसी प्रकार त्रिवर्णात्मक-चतुष्कलात्मक-गणघटित नियतलघुगुरुयतिनियमनिबद्ध रचना भी चित्त की आह्लादक होती है, जिससे श्रोता-वक्ता आनन्दानुभव करता है। साथ ही रसानुकूल छन्दोनिबद्धता से तत्तद् रसों की सुतरां निष्पत्ति से परमानन्द ब्रह्मास्वाद की भी अनुभूति होती है तथा तज्जन्य फल की प्राप्ति भी अनायास ही अधिगत हो जाती है। जैसे देवतादि-स्तुतिपरक छन्दोबद्ध स्तुति-स्तोत्रादि के सस्वर पाठ से देवता-प्रसादन द्वारा मनोरथसिद्धि। वीररसप्रधान छन्दोबद्ध रचना के प्रसारण से शौर्यप्रदर्शनपूर्वक विजयसिद्धि। श्रेष्ठजन-प्रशंसापरक छन्दोबद्ध रचना के माध्यम से कार्यसिद्धि। अन्य शौर्य, यश, मित्रता, सामाजिकता, परोपकारिता आदि अनेक उत्कृष्ट गुणों का भी स्वयमेव सृजन होता है। इतना ही नहीं धर्म-अर्थ-काम-मोक्षादि-चतुर्वर्गफलप्राप्ति मानवमात्र को रसानुकूल छन्दोबद्ध रचना के माध्यम से सहज सुलभ हो जाती है। इस प्रकार इससे ऐहिलौकिक पारलौकिक उभयविध सुखों की प्राप्ति सुनिश्चित है और यही उभयविध सुख-प्राप्ति जीवन का सार है। यही छन्दः की उपादेयता भी सिद्ध है।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

प्रस्तुत संस्करण की विशेषता

अद्यावधिक उपलब्ध प्रकाशित संस्करणों से यह संस्करण अधिक संशोधित परिवर्द्धित एवं परिष्कृत है। इसके मूलपाठ तथा उद्धरण-श्लोकपाठ का संशोधन कलकत्ता से प्रकाशित वंगीयभाषानुवादयुक्त प्राचीन प्रामाणिक संस्करण के आधार पर किया गया है। ग्रन्थान्तर-प्रयुक्त प्रचलित अन्यान्य छन्दों के लक्षण-उदाहरण तत्तद्ग्रन्थ नामनिर्देशपूर्वक संस्कृत-हिन्दी-व्याख्या विवेचन सहित सविस्तृत दिये गये हैं, जो अन्य संस्करणों में एकत्र उपलब्ध नहीं है। छन्दों के नामान्तर भी यत्र-तत्र दिये हैं, जो अन्य ग्रन्थों में प्रयुक्त हैं। इसकी संस्कृत-हिन्दी टीका सरल सुबोध परिमार्जित भाषा-शैली में लिखी गयी है, जिससे प्रत्येक परीक्षार्थी, शिक्षार्थी, गवेषक, शिक्षक, पाठक आदि को अर्थाव-बोध में लेशमात्र भी असुविधा न हो। गण-विकार लक्षण के साथ सर्वत्र दिये गये हैं। प्रथम स्तबक में लघु, गुरु, गण, यति आदि विषयों का विवेचन उदाहरणों में घटाकर समझा-समझा कर विस्तारपूर्वक किया गया है।

इसके अतिरिक्त इस विस्तृत भूमिकाभाग में अनेक आवश्यक विषयों को समाविष्ट कर प्रस्तुत संस्करण को सर्वोपयोगी बनाया गया है। जिससे यह संस्करण, छात्र, अध्यापक, गवेषक तथा समस्त जिज्ञासु पाठकों के लिए भी समानरूप से उपयोगी प्रमाणित हो गया है। अतः यह संशोधित, परिवर्द्धित संस्करण प्रत्येक परीक्षार्थी व पाठक के लिए अनिवार्यरूप से पठनीय एवं संग्रहणीय है।

ज्ञातव्य है कि इस संस्करण के प्रकाशक श्रीकृष्णदास अकादमी के संचालक-गण हार्दिक प्रशंसा के पात्र हैं। जिन्होंने भारतीय-संस्कृति-संस्कृत के अमूल्य ग्रन्थरत्नों के प्रकाशन-कार्य में सेवापरकभाव से दत्तचित्त हो अपना सर्वस्व समर्पित कर दिया है। एतावता हम सर्वतोभावेन इनके अभ्युदय की कामना करते हैं तथा पाठकों से सानुनय अनुरोध करते हैं कि श्रीकृष्णदास अकादमी से प्रकाशित ग्रन्थों को अधिक से अधिक संख्या में अपना कर सञ्चालक वर्ग का उत्साहवर्धन करें तथा सत्साहित्य से स्वयं भी लाभान्वित होवें। शुभम्।

दीपमालिका २०४७ **—सत्यनारायण खण्डूड़ी**
वाराणसी।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

छन्दोमञ्जरी-विषयानुक्रमणिका

विषय	पृष्ठांक
मङ्गलाचरण	१
प्रस्तावना	१
विषयप्रवेश	२
वृत्तपरिचय	२
वृत्त-भेद	३
गणप्रतीक	४
गणविचार	४
गुरु-लघुप्रतीक	५
जातिगणनिर्देश	५
गुरु-लघु विचार	६
यति-विचार	११
उक्थादिवृत्त-गणना	१६

वृत्तनाम	अक्षरवृत्ति	पृष्ठांक
अचलधृति	१६	९२
अतिकृति	२५	१३२
अतिजगती	१३	६३
अतिधृति	१९	११२
अतिशर्करी	१५	७८
अतिशायिनी	१७	१०४
अत्युक्था	२	१८
अत्यष्टि	१७	९५
अद्रितनया	२३	१२८
अनङ्गशेखर	दण्डक	१४०
अनवसिता	११	४७
अनुकूला	११	४३
अनुष्टुप्	८	२५
"	"	१५५
अपरवक्त्र	अर्धसम	१४५
अपराजिता	१४	७४
अपवाह	२६	१३४
अर्ण	दण्डक	१३५
अर्णव	दण्डक	१३५
अशोकपुष्पमञ्जरी	दण्डक	१४१
अशोकमञ्जरी	दण्डक	१४२
अश्वगति	१६	९४
अश्वगति	१८	११०
अश्वललित	२३	१२८
अष्टि	१६	८६
असम्बाधा	१४	७२
आकृति	२२	१२५
आख्यानकी	अर्धसम	१४७
आर्या	मात्रा	१५६
आर्यागीति	मात्रा	१६३
इन्द्रवज्रा	११	३६
इन्द्रवंशा	१२	५०
इन्दिरा	११	४८
उक्था	१	१८
उज्ज्वला	१२	६१
उत्कलिका	गद्य	१६९
उत्कृति	२६	१३३
उद्गता	विषम	१५०

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

उद्गता	विषम	१५१	गजगति	८	२८
उद्गीति	मात्रा	१६३	गरुडरुत	१६	९३
उद्गम	दण्डक	१३५	गायत्री	६	२१
उपचित्र	११	४७	गीतिका	२०	१२०
,,	अर्धसम	१४३	गीत्यार्या	मात्रा	१६१
उपजात	११	३८	चकिता	१६	८८
उपगीति	मात्रा	१६२	चञ्चरीकावली	१३	७०
उपस्थित	११	४७	चण्डवृष्टिप्रपात	दण्डक	१३४
,,	१३	७१	चण्डी	१३	६६
उपस्थिता	१०	३६	चन्द्ररेखा	१३	७०
उपेन्द्रवज्रा	११	३७	चन्द्रलेखा	१५	८४
उष्णिक्	७	२१	चन्द्रवर्त्म	१२	४८
ऋषभगजविलसित	१६	८७	चन्द्रिका	१३	६७
औपच्छन्दसिक	मात्रा	१६५	चपलार्या	मात्रा	१५९
कन्दुक	१३	७१	चल	१८	१११
कन्या	४	१९	चित्र	१६	८६
कमला	९	३२	चित्रपदा	८	२५
कलहंस	१३	६८	चित्रा	१५	८५
कान्ता	१७	१०४	चित्रलेखा	१८	१०९
कालभारिणी	अर्धसम	१४८	,, ,,	१८	११९
कुपुरुषजनिता	११	४७	छाया	१९	११४
कुमारललिता	७	२४	जगती	१२	४८
कुसुमस्तबक	दण्डक	१३७	जघनचपलार्या	मात्रा	१६१
कुसुमितलतावेल्लिता	१८	१०४	जलधरमाला	१२	६०
कुसुमविचित्रा	१२	५७	जलोद्धतगति	१२	५१
कृति	२०	११९	जीमूत	दण्डक	१३५
केतुमती	अर्धसम	१४७	तनुमध्या	६	२१
केसर	१८	१११	तरलनयन	१२	६२
कोकिलक	१७	१०१	तन्वी	२४	१३१
कौमुदी	अर्धसम	१४८			
क्रौञ्चपदा	२५	१३२			

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

तामरस	१२	५८	पुट	१२	६१
तूणक	१५	८३	पुष्पिताग्रा	अर्धसम	१४९
तोटक	१२	५२	पृथ्वी	१७	९६
त्वरितगति	१०	३४	प्रकृति	२१	१२३
त्रिष्टुप्	११	३६	प्रचितक	दण्डक	१३६
दीपकमाला	१०	३६	प्रतिष्ठा	४	१९
दोधक	११	४५	प्रबोधिता	१३	६९
दोहडिका	मात्रा	१६७	प्रभावती	१३	७१
द्रुतपद	१२	६२	प्रमाणिका	८	२७
द्रुतमध्या	अर्धसम	१४७	प्रमिताक्षरा	१२	५४
द्रुतविलम्बित	१२	५५	प्रवरललित	१६	९१
द्रुता	११	४८	प्रहरणकलिका	१४	७५
धीरललिता	१६	९४	प्रहर्षिणी	१३	६३
धृति	१८	१०४	प्रियंवदा	१२	६१
नन्दन	१८	१०६	प्रिया	५	२१
नर्दटक	१७	१००	फुल्लदाम	१९	११७
नवमालिका	१२	६१	बृहती	९	२९
नान्दीमुखी	१४	७७	ब्रह्मरूप	१६	९४
नाराच	१८	१०८	भद्रक	२२	१२७
नाराचिका	८	२९	भद्रविराट्	अर्धसम	१४७
नारी	३	१९	भद्रिका	९	३१
पंक्ति	५	२०	,,	११	४७
,,	१०	३२	भाराक्रान्ता	१७	१०३
पज्झटिका	मात्रा	१६६	भुजगशिशुभृता	९	२९
पञ्चचामर	१२	६२	भुजंगप्रयात	१२	५२
,, ,,	१६	८९	भुजंगविजृम्भित	२६	१३३
पणव	१०	३५	भुजङ्गसङ्गता	९	३१
पथ्यार्या	मात्रा	१५८	भ्रमरपदक	१८	१११
पथ्यावक्त्र	विषम	१५४	भ्रमरविलसिता	११	४२
परामती	अर्धसम	१४८	मकरन्दिका	१९	११८
			मञ्जुभाषिणी	१३	६७

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain. Digitizagtion by eGangotri

मञ्जुसौरभ	अर्धसम	१४८
मञ्जुहासिनी	१३	७१
मणिकल्पलता	१६	९४
मणिगुणनिकर	१५	७९
मणिमञ्जरी	१९	११८
मणिमध्य	९	३०
मणिमाला	१२	६०
मत्तमयूर	१३	६५
मत्तमातङ्गलीलाकर दण्डक		१०८
मत्तमातङ्गलीलाकर दण्डक		१४२
मत्ता	१०	३३
मत्ताक्रीडा	२३	१३०
मदनललिता	१६	९०
मदलेखा	७	२४
मदिरा	२२	१२६
मधुमती	७	२३
मध्या	३	१९
मनोरमा	१०	३५
मन्दाकिनी	१२	५६
मन्दाक्रान्ता	१७	९८
मयूरसारिणी	१०	३५
महामालिका	१८	१११
महास्रग्धरा	२२	१२७
माणवक	८	२५
मालती	१२	५९
मालिनी	१५	८०
मुखचपलार्या	मात्रा	१६०
मृगी	३	१९
मृगीयवानी	अर्धसम	१४८
मृगेन्द्रमुख	१३	७०
मेघविस्फूर्जिता	१९	११२
,, ,,	२०	१२२
मोटक	१२	६२
मोटनक	११	४५
मौक्तिकदाम	१२	६२
रथोद्धता	११	४३
रुक्मवती	१०	३२
रुचिरा	१३	६४
रूपामाली	९	३२
ललना	१२	६२
ललित	१२	६२
,,	विषम	१५३
ललिता	१२	६१
,,	अर्धसम	१४८
लालित्य	२२	१२७
लीलाकर	दण्डक	१३५
लीलाखेल	१५	८१
लोला	१४	७६
वंशपत्रपतित	१७	९७
वंशस्थविल	१२	४९
वक्त्र	विषम	१५४
वरयुवति	१६	९५
वसन्ततिलक	१४	७३
वसुमती	७	२३
वाणिनी	१६	९१
वातोर्मी	११	४१
वारान्ती	१४	७५
विकृति	२३	१२८
विद्याधर	१२	६२
विद्युन्माला	८	२६
विद्युल्लेखा	६	२३

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

विष्वङ्कमाला	११	४७	समानिका	८	२७
विपरीताख्यानकी	अर्धसम	१४७	समुद्रलता	१९	११८
विपिनतिलक	१५	८३	सरसी	२१	१२४
विपुलार्या	मात्रा	१५८	सान्द्रपद	११	४७
विभु	१९	११८	सारङ्ग	१२	६२
वृत्तक (चूर्णक)	गद्य	१६९	सिंहविक्रान्त	दण्डक	१४२
वृत्तगन्धि	गद्य	१७०	सिंहोद्धता	१४	७३
वृत्त	२०	१२१	सुधा	१८	११०
वृत्ता	११	४७	सुन्दरी	अर्धसम	१४६
वेगवती	अर्धसम	१४३	सुमुखी	११	४०
वैतालीय	मात्रा	१६४	सुप्रतिष्ठा	५	२०
वैश्वदेवी	१२	५४	सुरसा	१९	११६
व्याल	दण्डक	१३५	सुवदना	२०	११९
शंख	,,	१३५	सोमराजी	६	२२
शर्करी	१४	७२	सौरभक	विषय	१५२
शशिकला	१५	७८	स्रक्	१५	७८
शशिवदना	६	२२	स्रग्धरा	२१	१२३
शार्दूल	१८	१११	स्रग्विणी	१२	५३
शार्दूलललित	१८	१०९	स्वागता	११	४४
शार्दूलविक्रीडित	१९	११५	स्त्री	२	१८
शालिनी	११	४१	हंसरुत	८	२९
शिखण्डित	११	४७	हंसी	१०	३६
शिखरिणी	१७	९५	,,	२२	१२५
शुद्धविराट्	१०	३५	हरि	१७	१०३
शोभा	२०	१२२	हरिणप्लुत	१८	११०
श्येनी	११	४६	हरिणप्लुता	अर्धसम	१४४
श्रीः	१	१८	हरिणी	१७	९९
षट्पदा	अर्धसम	१४८	हलमुखी	९	३१
संस्कृति	२४	१३१	हारिणी	१७	१०२
सती	४	२०			

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

॥ श्रीः ॥

छन्दोमञ्जरी

'सुधा'-संस्कृत-हिन्दी-व्याख्योपेता

प्रथमः स्तबकः

देवं प्रणम्य गोपालं वैद्यगोपालदासजः।
सन्तोषातनयश्छन्दो गङ्गादासस्तनोत्यदः ॥ १ ॥

अन्वयः—वैद्यगोपालदासजः सन्तोषातनयः गंगादासः देवं गोपालं प्रणम्य अदः छन्दः तनोति ।

व्याख्या—प्रकृत-ग्रन्थ-प्रणेता कविर्गङ्गादासः स्वेष्टदेवता-प्रणतिपुरःसरं मङ्गलाचरणं कुर्वन् स्वप्रतिपाद्यविषयं विदधाति—देवमिति। वैद्यगोपालदासजः—वैद्यश्चासौ गोपालदासस्तस्माज्जातः = वैद्यगोपालदाससूनुः। सन्तोषातनयः—सन्तोषायाः=तन्नाम्न्यस्तनयः सुतः। गङ्गादासः=गङ्गादासाभिधः। देवम्=प्रभुम्। प्रणम्य = नत्वा। अदः = एतत्। छन्दः = छन्दःशास्त्रम्। तनोति=विवेचयति ॥

हिन्दी—वैद्य गोपालदास के पुत्र, सन्तोषा देवी के आत्मज गङ्गादास प्रभु को प्रणाम कर इस छन्दःशास्त्र की विवेचना कर रहे हैं ॥ २ ॥

सन्ति यद्यपि भूयांसश्छन्दोग्रन्था मनीषिणाम्।
तथापि सारमाकृष्य नवकार्थो ममोद्यमः ॥ २ ॥

अन्वयः—यद्यपि मनीषिणां भूयांसः छन्दोग्रन्थाः सन्ति, तथापि सारम् आकृष्य नवकार्थः मम उद्यमः, अस्तीति ।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

व्याख्या—सन्तीति। यद्यपि मनीषिणाम् = पूर्वविदुषाम्। भूयांसः = बहवः। छन्दोग्रन्थाः = वृत्तग्रन्थाः। सन्ति = वर्तन्ते। तथापि सारम् = छन्दःशास्त्रस्य तत्त्वम्। आकृष्य = निष्काष्य। नवकार्थः = नूतनार्थविषयकः। मम = गङ्गादासस्य। उद्यमः = एतत्प्रयासः। अस्तीति॥

हिन्दी—यद्यपि पूर्व विद्वानों द्वारा रचित अनेक छन्दःशास्त्रविषयक ग्रन्थ हैं, तथापि इस शास्त्र के तत्त्व (सारभूत) को निकाल कर नूतनार्थक मेरा यह प्रयत्न है॥ २॥

इयमच्युतलीलाढ्या सद्वृत्ता जातिशालिनी।
छन्दसां मञ्जरी कान्ता सभ्यकण्ठे लगिष्यति॥ ३॥

अन्वयः—इयम् अच्युतलीलाढ्या सद्वृत्ता जातिशालिनी कान्ता छन्दसां मञ्जरी सभ्यकण्ठे लगिष्यति।

व्याख्या—इयमिति। इयम्=एषा। अच्युतलीलाढ्या—अच्युतस्य=श्रीकृष्णस्य, लीला=क्रीडाः, ताभ्यः आढ्या=सम्पन्ना। सद्वृत्ता=उत्तमछन्दोयुक्ता। जातिशालिनी=विविधवृत्तसमोपेता। कान्ता=मनोरमा। छन्दसान्=वृत्तानाम्। मञ्जरी=एषा छन्दोमञ्जरी। सभ्यकण्ठे—सभ्यानां=शिष्टजनानां विदुषां कण्ठे=गलदेशे। लगिष्यति=संगताभविष्यति, अर्थात् सद्विद्वांसः अस्याः समादरं करिष्यन्ति॥

हिन्दी—यह श्रीकृष्ण जी की क्रीडाओं से परिपूर्ण उत्तम छन्दों वाली विविधवृत्तों से संपन्न मनोरम छन्दों की मञ्जरी (छन्दोमञ्जरी) सभ्य विद्वानों का कण्ठहार बन जायेगी अर्थात् सभ्य विद्वान् इसका समादर करेंगे।

वृत्तपरिचयः

पद्यं चतुष्पदी, तच्च वृत्तं जातिरिति द्विधा।
वृत्तमक्षरसङ्ख्यातं जातिर्मात्राकृता भवेत्॥ ४॥

अन्वयः—पद्यं चतुष्पदी तत् च वृत्तं जातिः द्विधा (भवति) अक्षरसंख्यातं वृत्तं मात्राकृता जातिः भवेत्।

व्याख्या—पद्यमिति। पद्यम्=श्लोकम्। चतुष्पदी—चत्वारि पदानि सन्ति यस्मिन् तत् चतुष्पदयुक्तम् भवतीति। तत्=एतत् पद्यं च। वृत्तम् = वृत्तनामकम्। जातिः=जातिनामकं च। द्विधा=द्विविधम्। भवति। अक्षरसंख्यातम्=

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

वर्णविगणितम् । वृत्तम्=वृत्ताख्यपद्यम् । मात्राकृता=गुरुलघुमात्रागणिता । जातिः-जातिनामकं पद्यम् । भवेत्=स्यात् ॥

हिन्दी—श्लोक अथवा छन्द का चौथाई भाग पद या चरण कहलाता है। चार पदों अथवा चरणों वाला पद्य होता है। वह पद्य वृत्त तथा जाति दो प्रकार का होता है। जिसमें अक्षरों या वर्णों की गणना की जाती है उसे वर्ण-वृत्त या वार्णिक तथा जिसमें मात्राओं की गणना की जाती है उसे जाति (मात्रिक) छन्द कहा जाता है ॥ ४ ॥

वृत्तभेदाः

समम‌र्धसमं वृत्तं विषमञ्चेति तत् त्रिधा ।
समं समचतुष्पादं भवत्यर्धसमं पुनः ॥ ५ ॥
आदिस्तृतीयवद् यस्य पादस्तुर्यो द्वितीयवत् ।
भिन्नचिह्नचतुष्पादं विषमं परकीर्तितम् ॥ ६ ॥

अन्वयः—तद् समं अर्द्धसमं विषमं च इति वृत्तं त्रिधा भवति, समचतुष्पादं समं, पुनः यस्य आदिः तृतीयवद् तुर्यः द्वितीयवत् तद् अर्धसमम्, भिन्नचिह्नचतुष्पादं विषमं परिकीर्तितम् ।

व्याख्या—समभिति । तद्=वृत्तम् । समं=चतुष्पदेषु समानवर्णयुक्तम् । अर्द्धसमम्=प्रथमतृतीयचरणसमानम्, द्वितीयचतुर्थचरणसमानवर्णयुक्तम् वृत्तम् । विषमं=विभिन्नलक्षणचरणचतुष्टयम् । च । इति=एवम् । वृत्तं । त्रिधा=त्रिविधम् भवति । समचतुष्पादं समम् । यस्य=वृत्तस्य । आदिः=प्रथमश्चरणः । तृतीयचरणवत् = तृतीयपादसमम् । तुर्यः = चतुर्थश्चरणः । द्वितीयचरणवत्, तद् अर्द्धसमम् । भिन्नचिह्नचतुष्पादम् = विभिन्नचरणचतुष्टयम् । विषमम्=विषमाख्यं वृत्तम् । परिकीर्तितम्=कथितम् ॥

हिन्दी—वृत्त तीन प्रकार का होता है—समवृत्त, अर्द्धसमवृत्त, विषमवृत्त। चार समान पदों वाला वृत्त समवृत्त होता है अर्थात् जिसके चारों चरण समान हों वह समवृत्त तथा जिसके प्रथम से तृतीय और द्वितीय से चतुर्थ चरण समान हो उसे अर्द्धसमवृत्त तथा जिसका कोई भी चरण समान न हो वह विषम वृत्त कहलाता है ॥ ५-६ ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

गणप्रतीकाः

म्यरस्तजभ्नगैर्लान्तैरेभिर्दशभिरक्षरैः ।
समस्तं वाङ्मयं व्याप्तं त्रैलोक्यमिव विष्णुना ॥ ७ ॥

अन्वयः—एभिः म्यरस्तजभ्नगैर्लान्तैः दशभिः अक्षरैः समस्तवाङ्मयं विष्णुना त्रैलोक्यं इव व्याप्तम्, अस्तीति ।

व्याख्या—म्यरस्तेति । एभिः=एतैः । म्यरस्तजभ्नगैर्लान्तैः=मश्च यश्च रश्च सश्च तश्च जश्च भश्च नश्च गुरुश्च लघुश्च । दशभिः=दशसंख्यकैः । अक्षरैः=वर्णैः । समस्तवाङ्मयम्—समस्तम्=सम्पूर्णम् वाङ्मयम्=साहित्यम् छन्दःशास्त्रं वा । विष्णुना=ईश्वरेण । त्रैलोक्यम् = त्रिभुवनम् । इव=यथा व्याप्तम्=युक्तम् । तथैव सम्पूर्णं छन्दःशास्त्रम् । व्याप्तम् अस्तीति । एभिः दशवर्णैरेव समस्तच्छंदांसि लक्षयिष्यन्ते ।

निम्नाङ्कित संकेतों के द्वारा ग्रन्थकार ने छन्दों का लक्षण किया है--

हिन्दी—म, य, र, स, त, ज, भ, न, ग, ल, इन दश वर्णों से समस्त छन्दःशास्त्र उसी प्रकार व्याप्त है जैसे भगवान् विष्णु के द्वारा तीनों लोक व्याप्त हैं ॥ ७ ॥

मस्त्रिगुरुस्त्रिलघुश्च नकारो भादिगुरुः पुनरादिलघुर्यः ।
जो गुरुमध्यगतो रलमध्यः सोऽन्तगुरुः कथितोऽन्तलघुस्तः ॥८॥

अन्वयः— त्रिगुरुः मः, च त्रिलघुः नकारः, आदिगुरुः भः, पुनः आदिलघुः यः, गुरुमध्यगतः जः, लमध्यः रः, अन्तगुरुः सः, अन्तलघुः तः कथितः ॥

व्याख्या—मस्त्रीति । त्रिगुरुः=त्रयः गुरुवर्णाः यत्र सः मगणः, तथा त्रिलघुः=यत्र त्रयः लघुवर्णाः भवन्ति सः नगणः । आदिगुरुः=यत्र प्रथमः वर्णः गुरुः शेषौ द्वौ वर्णौ लघू भवतः सः भगणः । पुनः=भूयः । आदिलघुः=यत्र प्रथमः वर्णः लघुः=ह्रस्वः तथा शेषौ द्वौ गुरुवर्णौ भवतः सः यगणः भवति । गुरुमध्यगतः= यत्र प्रथमस्तृतीयो वर्णश्च लघुः मध्ये च गुरुः सः जगणः । लघुमध्यः=यत्र प्रथमस्तृतीयो वर्णश्च गुरुः, मध्ये च लघुः सः रगणः । अन्तगुरुः=अन्ते गुरुः=गुरुवर्णः, शेषौ च लघुवर्णौ सः सगणः । अन्तलघुः=अन्ते लघुः यस्य सः तगणः भवतीति ।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

हिन्दी—तीनों गुरु-वर्ण होने पर मगण, तीनों लघु-वर्ण होने पर नगण, प्रथम वर्ण गुरु तथा शेष दोनों लघु होने पर भगण तथा प्रथम वर्ण लघु एवम् शेष दोनों गुरु होने पर यगण होता है। बीच का अर्थात् द्वितीय गुरु होने पर जगण, बीच का लघु होने पर रगण, अन्त में गुरु वर्ण होने पर सगण तथा अन्त में लघु वर्ण होने पर तगण होता है ॥ ८ ॥

गुरुलघुप्रतीकः

गुरुरेको गकारस्तु लकारो लघुरेककः।
क्रमेण चैषां रेखाभिः संस्थानं दर्श्यते यथा ॥ ९ ॥

अन्वयः—एकः गुरुः गकारः, एककः लघुः तु लकारः। एषां रेखाभिः यथा क्रमेण संस्थानं दर्श्यते ॥

व्याख्या–गुरुरिति। एकः गुरुः=एकवर्णो गुरुः। गकारः='ग' इति कथ्यते। एककः=एकलः। लघुः=लघुवर्णः। लकारः='ल' इत्युच्यते। एषां=मकारादिगणानाम्। रेखाभिः=चिह्नविशेषैः। यथाक्रमेण=क्रमानुसारम्। संस्थानम्=आकृतिः दर्श्यते=ज्ञायते यथा गुरुवर्णस्य 'S' तथा लघुवर्णस्य '।' आकृतिरिति ॥

हिन्दी--'ग' कहने से एक गुरुवर्ण तथा 'ल' से लघुवर्ण समझना चाहिए। इन मगण आदि चिह्न-विशेषों के साथ क्रमशः 'S' तथा '।' गुरु लघु आकृति दिखलाई जाती है ॥ ९ ॥

जातिगणनिर्देशः

ज्ञेयाः सर्वान्तमध्यादिगुरवोऽत्र चतुष्कलाः।
गणाश्चतुर्लघूपेताः पञ्चार्यादिषु संस्थिताः ॥ १० ॥

अन्वयः--अत्र चतुर्लघूपेताः सर्वान्तमध्यादिगुरवः चतुष्कलाः पञ्च गणाः आर्यादिषु संस्थिताः ॥

व्याख्या ज्ञेया इति। अत्र चतुर्लघूपेताः=चतुःसंख्यकाः लघुवर्णयुक्ताः। सर्वान्तमध्यादिगुरवः=सर्वगुरुः, अन्तगुरुः, मध्यगुरुः, आदिगुरुः, सर्वलघुश्चेति चतुकलाः=चतुर्मात्रायुक्ताः, पञ्चगणाः=पञ्चसंख्यकाः गणाः, आर्यादिषु=चतुर्मात्रारूपाः गणाः आर्यादिवृत्तेषु। संस्थिताः=ज्ञातव्याः ॥

हिन्दी—यहाँ (जाति गणों में) चार संख्या वाले लघुवर्णयुक्त—सर्वगुरु, मध्यगुरु, अन्तगुरु, आदिगुरु तथा सर्वलघु अर्थात् चारमात्रायुक्त पाँच गणों से आर्या आदि छन्द समझने चाहिए ॥ १० ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

गुरुलघुविचारः

सानुस्वारश्च दीर्घश्च विसर्गी च गुरुर्भवेत् ।
वर्णः संयोगपूर्वश्च तथा पादान्तगोऽपि वा ॥ ११ ॥

अन्वयः—सानुस्वारः गुरुः भवेत्, दीर्घः विसर्गी च (गुरुः भवेत्)। संयोगपूर्वः वर्णः तथा वा पादान्तगः अपि वर्णः वा गुरुः भवेत् ॥

व्याख्या—सानुस्वार इति । सानुस्वारः=अनुस्वारयुक्तः वर्णः । गुरुः=गुरुवर्णः भवेत् । दीर्घः=आ–ई–ऊ–ॠ–ए–ऐ–ओ–औ इति । विसर्गी=विसर्गयुक्तो वर्णः च गुरुः भवेत् । संयोगपूर्वः=संयुक्ताक्षरपूर्ववर्णः । तथा वा=विकल्पेन । पादान्तगः=चरणान्तिमः अपि वर्णः गुरुः भवेत् ॥

हिन्दी—अनुस्वारयुक्त ह्रस्व (अ–इ–उ) वर्ण भी गुरु हो जाता है । दीर्घ (आ–ई इत्यादि) तथा विसर्ग युक्त वर्ण और संयुक्त वर्ण से पूर्व वाला लघु भी गुरु हो जाता है । एवम् पाद (चरण) के अन्त में लघु वर्ण विकल्प से गुरु होता है ॥

अत्र पादान्तगो लघुर्गुरुर्भवेद्वा यथा—

तरुणं सर्षपशाकं नवौदनं पिच्छिलानि च दधीनि ।
अल्पव्ययेन सुन्दरि ! ग्राम्यजनो मिष्टमश्नाति ॥

सुन्दरीति ग्राम्यशब्दे परे विकल्पेन लघुत्वम् ।

अन्वयः—सुन्दरि ! ग्राम्यजनः तरुणं सर्षपशाकं नवौदनं पिच्छिलानि दधीनि च मिष्टम् अल्पव्ययेन अश्नाति ।

व्याख्या—अत्र पादान्तस्थ लघोर्विकल्पेन गुरुत्वम्, गुरोश्च लघुत्व मुदाहरति—तरुणमिति । सुन्दरि=हे सुवदने ! ग्राम्यजनः = ग्रामीणो नरः । तरुणं=नवीनम् । सर्षपशाकं = सिद्धार्थकशाकम् । नवौदनं = नूतनमोदनम् । पिच्छिलानि = स्निग्धानि । दधीनि=दधिपदार्थञ्च । मिष्टं=मधुरं यथा स्यात् तथा अल्पव्ययेन=स्तोकव्ययेन । अश्नाति=भुनक्ति ।

अत्र द्वितीय-चतुर्थपादयोरन्तिमवर्णयोर्गुरुत्वम् । तृतीय-पादस्यान्तिमस्यैकारस्य "ग्राम्येति" संयुक्तात्पूर्वत्वेऽपि न गुरुत्वम् ।

हिन्दी—यहाँ 'अश्नाति' पद के अन्त में लघु के स्थान पर विकल्प से गुरु तथा 'सुन्दरि' इस ग्राम्य शब्द में विकल्प से लघु हो जाता है । उदाहरण—

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

हे सुन्दरि ! ग्रामीण व्यक्ति नये सरसों के साग (कड़री) और नया भात तथा चिकनी दही, इनको थोड़ा-सा ही खर्च करके मीठा खाते हैं।

यह आर्या छन्द है जिसमें द्वितीय तथा चतुर्थ पाद के अन्तिम लघु वर्ण गुरु हो जाते हैं तथा तृतीय पाद का अन्तिम इकार संयुक्त के पूर्व होने पर भी पादान्तत्वात् विकल्प से लघु ही रहता है।

तथा भट्टिः—

अथ लुलितपतत्रिमालं रुग्णासनबाणकेशरतमालम्।
स वनं विविक्तमालं सीतां द्रष्टुं जगामालम्॥

अत्र प्रथमपादान्तगुरोर्लघुत्वम्

अन्वयः—अथ स अलं सीतां द्रष्टुं, रुग्णासनबाणकेशरतमालं लुलितपतत्रिमालं विविक्तं वनं अलं जगाम।

व्याख्या—अत्र पादान्तस्य गुरोर्विकल्पेन लघुत्वमुदाहरति–अथेति। अथ= नगरदाहानन्तरं, स=हनुमान्, अलं=पर्याप्तं, यथास्यात्तथा, सीतां=जानकीं द्रष्टुं=अवलोकयितुं, रुग्णासनबाणकेशरतमालं=असनश्च केशरश्च तमालश्चेति असनबाणकेशरतमालाः यत्र तत् तादृशं, तस्माच्च, लुलितपतत्रिमालं—लुलिता=चलिता पतत्रिणां=पक्षिणां, माला=पङ्क्तिर्यत्र तत् तादृशं, विविक्तं, वनं=अशोकाख्यं वनं, अलं=स्वच्छन्दं यथास्यात्तथा, जगाम=गतवानित्यर्थः।

पद्येऽस्मिन् प्रथमपादान्तिमवर्णस्य 'लं' इत्यस्य सानुस्वारतया गुरुत्वेऽपि पादान्तत्वाद् विकल्पेन लघुत्वम्। अन्यथाऽत्र प्रथमपादे त्रयोदशमात्रा भवेयुरित्यार्याछन्दोलक्षणासङ्गतिः स्यादिति भावः।

हिन्दी—हनुमान् जी लङ्कादहनानन्तर माता जानकी को भली प्रकार देखने के लिए, जिस बन के असन-बाण-केशर-तमाल आदि सभी वृक्ष नष्ट हो गये थे तथा (इससे) जिस बन में पंक्तिबद्ध पक्षियों के समूह (आकाश में) विचरण कर रहे थे—ऐसे अशोक नामक बन में स्वच्छन्दतापूर्वक गये। (जहाँ सीता जी थीं)।

यहाँ पर भी आर्या छन्द है। इसमें प्रथम पाद के अन्तवाला 'लं' वर्ण अनुस्वार सहित होने के कारण गुरु होना चाहिये था, किन्तु पादान्त होने के कारण विकल्प से लघु हो गया, अन्यथा प्रथम पाद में तेरह मात्राएँ हो जातीं, जिससे आर्या छन्द का लक्षण असंगत होने से छन्दोभंग दोष होता।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

तथा मत्पितुः पारिजातहरणनाटके—

सिन्दूरपूरकृतगैरिकरागशोभे शश्वन्मदस्रवणनिर्झरवारिपूरे ।
सङ्ग्रामभूमिगतमत्तसुरेभकुम्भकूटे मदीयनखराशनयो विशन्तु ॥

अत्र तृतीय-चतुर्थ-पादान्तलघ्वोर्गुरुत्वम् ।

अन्वयः - मदीयनखराशनयः सिन्दूरपूरकृतगैरिकरागशोभे शश्वन्मदस्रवण-निर्झरवारिपूरे विशन्तु । संग्रामभूमिगतमत्तसुरेभकुम्भकूटे विशन्तु ।

व्याख्या—सिन्दूर इति । मदीयनखराशनयः—मदीयाः = मत्सम्बन्धिनः नखाः=करजाः एव अशनयः=वज्राणि, ते । सिन्दूरपूरकृतगैरिकरागशोभे—सिन्दूर-पूरेण=सिन्दूरराशिना कृता गैरिकरागस्य - गैरिकसदृशरक्तवर्णस्य शोभा = सुषमा यस्य तस्मिन् । शश्वन्मदस्रवणनिर्झरवारिपूरे —शश्वत् = निरन्तरं यन्मद-स्रवणं=मदजलप्रवहणं तदेव निर्झरवारिपूरः = प्रस्रवणजलसमूहः, तस्मिन् । संग्रामभूमिगतमत्तसुरेभकुम्भकूटे —संग्रामभूमौ गतः=रणस्थलगतः यः मत्तः सुरेभः=मदयुक्तदेवगजः, तस्य कुम्भ एव कूटं=शिखरं, तस्मिन् । विशन्तु = प्रविशन्तु ।

अत्र तृतीय-चतुर्थपादान्तयोः 'म्भ' 'न्तु' वर्णयोः लघ्वोरपि गुरुत्वम् ।

(इन्द्र के प्रति क्रुद्ध गरुड का कथन)

हिन्दी—यथा मेरे (गंगादास के) पिता (गोपालदास) द्वारा रचित पारिजातहरण नाटक में—

मेरे नखरूपी वज्र-सेंदुर-समूह से बने लोहितवर्ण शोभा वाले जिससे निरन्तर मदजल का झरना झरता रहता है, युद्ध भूमि में पहुँचे मत्त देवगज ऐरावत के कुम्भरूपी शिखर में प्रवेश करें ।

यहाँ पर तृतीय तथा चतुर्थ चरणों में 'म्भ, न्तु' वर्णों में लघु के स्थान पर भी गुरु हो जाता है ।

तथा ममाच्युतचरितेऽपि—

रक्तेन केशिदशनक्षतसम्भवेन रेजे स मण्डिततरो हरिबाहुदण्डः ।
तद्दन्तसन्दलितभीमभुजप्रतापवह्नेरिव स्फुटकणप्रकरेण कीर्णः ॥

अत्र प्रथमतृतीयपादान्तस्यापि लघोर्गुरुत्वम् ।

अन्वयः – सः हरिबाहुदण्डः केशिदशनक्षतसम्भवेन रक्तेन मण्डिततरः तद्दन्तसन्दलितभीमभुजप्रतापवह्नेः इव स्फुटकणप्रकरेण कीर्णः रेजे ।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

व्याख्या--रक्तेनेति । सः = असौ । हरिबाहुदण्डः-हरेः = विष्णोः बाहुदण्डः = भुजदण्डः । केशिदशनक्षतसम्भवेन—केशिनामराक्षसस्य दशनैः = दन्तैः क्षतसम्भवेन = व्रणजेन । रक्तेन = रुधिरेण । मण्डिततरः = अतिशयेन शोभितः । तद्दन्तसन्दलितभीमभुजप्रतापवह्नेः-तस्य = केशिराक्षसस्य दन्तैः = रदनैः सन्दलितः = कर्तितः यः भीमः- भयानकः भुजः = बाहुः तस्य प्रतापः = तेजः एव वह्निः = अग्निस्तस्य इव = यथा । स्फुटकणप्रकरेण-स्फुटः = प्रदीप्तः यः कणप्रकरः = कणसमूहस्तेन । कीर्णः = व्याप्तः । रेजे = शुशुभे ।

अत्र प्रथम-तृतीयपादान्तस्य नकारस्य पकारस्य च गुरुत्वं ज्ञेयम् ।

हिन्दी—उसी प्रकार मेरे 'अच्युतचरित' ग्रन्थ में भी—

वह भगवान् विष्णु का भुजदण्ड केशी राक्षस के दाँतों के घावों से उत्पन्न रुधिर से अतिशोभित, केशी राक्षस के दाँतों से काटे हुए भयङ्कर भुजप्रतापानल के समान दीप्यमान कण-समूह से शोभित हुआ ।

यहाँ पर तृतीय तथा चतुर्थचरण के अन्त में 'नकार' तथा 'पकार' लघु होकर भी गुरु हैं ।

'प्रह्रे' इति पुनः पिङ्गलमुनेर्विकल्पविधायकं सूत्रम् । उदाहरणं यथा कुमारसम्भवे—

सा मङ्गलस्नानविशुद्धगात्री गृहीतप्रत्युद्गमनीयवस्त्रा ।
निर्वृत्तपर्जन्यजलाभिषेका प्रफुल्लकाशा वसुदेव रेजे ॥

अत्र 'प्र'शब्दे परे गुरोर्लघुत्वम् ।

अन्वयः--मंगलस्नानविशुद्धगात्री गृहीतप्रत्युद्गमनीयवस्त्रा सा निर्वृत्तपर्जन्यजलाभिषेका प्रफुल्लकाशा वसुधा इव रेजे ।

व्याख्या-सेति । मङ्गलस्नानविशुद्धगात्री—मंगलस्नानेन = शुभाभिषेकेन विशुद्धं = स्वच्छं गात्रं = शरीरं यस्याः सा । गृहीतप्रत्युद्गमनीयवस्त्रा—गृहीतं = धृतं प्रत्युद्गमनीयवस्त्रं = पूतश्वेतवासः यया सा = पार्वती । निर्वृत्तपर्जन्यजलाभिषेका—निर्वृत्तः = कृतः पर्जन्यस्य = मेघस्य जलाभिषेकः = वारिस्नानं यया सा । प्रफुल्लकाशा—प्रफुल्लाः = विकसिताः काशाः = काशकुसुमानि यस्याः तथाविधा । वसुधा = भूमिः इव = यथा । रेजे = शुशुभे ।

अत्र 'प्र' इति संयुक्तात्पूर्ववर्तिनस्तकारस्य न गुरुत्वम् ।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

हिन्दी—'प्र' तथा 'ह्ल' रहने पर पूर्व वर्ण लघु विकल्प से गुरु होता है। यह पिङ्गलमुनि का गुरु-विकल्पविधायक सूत्र है। उदाहरण यथा कुमारसम्भवमें मंगल-स्नान से विशुद्ध शरीरवाली, पवित्रश्वेतवस्त्रधारण किये पार्वती मेघजल से स्नात विकसित काशकुसुमों वाली पृथ्वी के समान शोभित हुई।

यहाँ 'प्र' संयुक्त वर्ण से पूर्व 'गृहीत' का 'तकार' गुरु न होकर लघु ही है।

यथा माघे—

प्राप्य नाभिह्लदमज्जनमाशु प्रस्थितं निवसनग्रहणाय।
औपनीविकमरुन्ध किल स्त्री वल्लभस्य करमात्मकराभ्याम्॥

अत्र 'ह्ल' शब्दे परे गुरोर्लघुत्वम्।

अन्वयः—स्त्री आत्मकराभ्यां नाभिह्लदमज्जनम् प्राप्य आशु निवसनग्रहणाय प्रस्थितम् औपनीविकं वल्लभस्य करम् अरुन्ध।

व्याख्या—प्राप्येति। स्त्री=काचिन्नारी। आत्मकराभ्यां—आत्मनः=स्वस्य कराभ्यां = हस्ताभ्याम्। नाभिह्लदमज्जनं—नाभिरेव ह्लदस्तस्मिन् मज्जनम्=निमज्जनम्। प्राप्य=अधिगत्य। आशु=शीघ्रम्। निवसनग्रहणाय=वस्त्रग्रहणाय। प्रस्थितम्=प्रवृत्तम्। औपनीविकं=नीवीसमीपमागतम्। वल्लभस्य=प्रियतमस्य। करम्=हस्तम्। अरुन्ध=रुद्धवती।

अत्र नाभेरिकारस्य 'ह्ल'शब्दात्पूर्वस्य पूर्वनियमेन न गुरुत्वम्।

हिन्दी—कोई स्त्री अपने हाथों से नाभिरूपी कुण्ड में स्नान कर शीघ्र वस्त्र लेने के लिए प्रस्थित नीवी के पास पहुँचे प्रियतम के हाथ को रोकने लगीं।

यहाँ पर 'नाभि' की 'इकार' के बाद 'ह्ल'वर्ण होने से वह, पूर्वनियमानुसार लघु ही रहा, गुरु नहीं हुआ?

तीव्रप्रयत्नोच्चारणेनात्र लघुत्वमिति कण्ठाभरणः। संयुक्तात्पूर्वो गुरुरिति न सार्वत्रिको नियमः। यदुक्तम्—

यदा तीव्रप्रयत्नेन संयोगादेरगौरवम्।
न च्छन्दोभंग इत्याहुस्तदा दोषाय सूरयः॥

अन्वयः—तीव्रप्रयत्नेन संयोगादेः अगौरवं तदा छन्दोभंगः न दोषाय इति सूरयः वदन्ति।

व्याख्या—यदेति। तीव्रप्रयत्नेन=तीव्रप्रयासेन। संयोगादेः=संयुक्ताक्षरात्पूर्ववर्णस्य। अगौरवम्=गुरुत्वं न, अपितु लघुत्वमेव भवति। तदा छन्दोभङ्ग

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

न=वृत्तभङ्गो नास्ति । दोषाय=दोपनिमित्तम् । इति=एवम् । सूरयः=कवयः । वदन्ति=कथयन्ति ।

तीव्रोच्चारणेन गुरुरपि लघुर्भवतीति कण्ठाभरणाचार्यमतम् । संयुक्ताक्षरात्पूर्वो गुरुरिति नियमो न सार्वत्रिकोऽस्ति ।

तीव्र उच्चारण से गुरु भी लघु हो जाता है, ऐसा सरस्वती कण्ठाभरणकार का मत है । संयुक्ताक्षर से पूर्व गुरु होने का सर्वत्र नियम नहीं है । यथा—

हिन्दी—जव तीव्र उच्चारण से संयुक्ताक्षर से पूर्व का वर्ण लघु ही रहता है, तब इस प्रकार छन्दोभङ्ग का दोष नहीं होता है, ऐसा कविजन कहते हैं

यतिविचारः

यतिजिह्वेष्टविश्रामस्थानं कविभिरुच्यते ।
सा विच्छेदविरामाद्यैः पदैर्वाच्या निजेच्छया ।। १२ ।।

अन्वयः—जिह्वेष्टविश्रामस्थानं कविभिः यतिः उच्यते । सा निजेच्छया विच्छेदविरामाद्यैः पदैः वाच्या ।।

व्याख्या—यतीति । जिह्वेष्टविश्रामस्थानम्—जिह्वायाः इष्टमभीष्टं विश्रामस्थानं=स्थितिस्थानम् । कविभिः=सूरिभिः । यतिः इति उच्यते=कथ्यते । सा यतिः । निजेच्छया=उच्चारयितुरिच्छया । विच्छेदविरामाद्यैः=विच्छेद-विराम-प्रभृतिभिः । पदैः=शब्दैः । वाच्या=कथनीया ।।

हिन्दी – जहाँ-जहाँ जीभ स्वेच्छा से रुकती है उस स्थान को विद्वान् 'यति' कहते हैं । इस यति के विच्छेद, विराम आदि अन्य नाम भी हैं ।।१२।।

क्वचिच्छन्दस्यास्ते यतिरभिहिता पूर्वकृतिभिः
पदान्ते सः शोभां व्रजति पदमध्ये त्यजति च ।
पुनस्तत्रैवासौ स्वरविहितसन्धि श्रयति तां
यथा कृष्णः पुष्णात्वतुलमहिमा मां करुणया ।। १३ ।।
अयं च श्लोकश्छन्दोगोविन्दे मम गुरोः ।

अन्वयः—पूर्वकृतिभिः अभिहिता यतिः क्वचित् छन्दसि आस्ते । सा पदान्ते शोभां व्रजति । सैव पदमध्ये (शोभां) त्यजति च । पुनः तत्र एव असौ स्वरविहितसन्धिः तां श्रयति यथा अतुलमहिमः कृष्णः करुणया मां पुष्णातु ।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

व्याख्या--काचिदिति। पूर्वकृतिभिः=पूर्वविद्वद्भिः। अभिहिता=कथिता यतिः। क्वचित्=क्वापि। छन्दसि=छन्दोविषये। आस्ते=वर्तते, नतु सर्वत्र वर्तत इत्याशयः, परं या यतिः पादान्ते=पदसमाप्तौ स्थिता सती। शोभाम्=मनोरमताम्। व्रजति=याति सा एव। पदमध्ये = पदस्य मध्यभागे। शोभां त्यजति=मुञ्चति च। पुनः=भूयः। तत्र एव असौ=सा यतिः। स्वरविहितसन्धिः—स्वरेण=स्वरवर्णेन विहिता=कृता सन्धिर्यत्र तथाविधा यतिः शोभां श्रयति=समासादयति। यथा—अतुलमहिमा अतुलः=अनुपमः महिमा=महत्त्वं यस्य सः। कृष्णः=माधवः। करुणया=दयया। मां पुष्णातु=मामवतु॥

अत्र तृतीयपादे "पुष्णातु" इत्यत्र "त्व" स्वरसन्धेः शोभाधायकत्वम्।

हिन्दी--पूर्व विद्वानों द्वारा उक्त यति सर्वत्र नहीं होती, कहीं-कहीं ही छन्द में होती है। जो यति पदान्त में शोभा धारण करती है, वही पद के मध्य में शोभा को नष्ट कर देती है। पुनः वहीं (पदमध्य ही) वह (यति) स्वर सन्धि से युक्त होने पर मनोरमता धारण करती है। यथा—अतुल महिमा वाले कृष्ण जी कृपा कर मेरी रक्षा करें।

यह श्लोक छन्दगोविन्द में मेरे गुरु (पुरुषोत्तमदास) का है। यहाँ पर 'त्व' में यति पर स्वर-सन्धि है, जो शोभाधायक है।

कविकल्पलतायाम्—

एवं यथा यथोद्वेगः सुधियां नोपजायते।
तथा तथा मधुरतानिमित्तं यतिरिष्यते॥

अन्वयः--एवम् यथा यथा सुधियाम् उद्वेगः न उपजायते तथा तथा मधुरतानिमित्तं यतिः इष्यते।

व्याख्या - एवमिति। एवम्=इत्थम्। यथा यथा=येन येन प्रकारेण। सुधियाम्=सुमतीनाम्। उद्वेगः=वेगत्वम्। न उपजायेत=उत्पद्येत। तथा तथा=तेनैव प्रकारेण। मधुरतानिमित्त=माधुर्यार्थम् यतिः इष्यते=कथ्यते। यस्मिन् यतिनिर्देशे सुश्रवता भवेत्सा यतिरादरणीया इत्यर्थः।

कविकल्पलता में---

हिन्दी—इस प्रकार जैसे-जैसे विद्वानों को उद्वेग उत्पन्न न हो सके, उस प्रकार मधुरताहेतु यति बतलाई जाती है। अर्थात् जिस यति निर्देश में सुश्रवता हो वही यति आदरणीय है।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

श्वेतमाण्डव्यमुख्यास्तु नेच्छन्ति मुनयो यतिम् ।
इत्याह भट्टः स्वग्रन्थे गुरुर्मे पुरुषोत्तमः ॥ १४ ॥

अन्वयः—श्वेतमाण्डव्यमुख्याः मुनयः यतिं न इच्छन्ति इति मे गुरुः पुरुषोत्तमः भट्टः स्वग्रन्थे आह ॥

व्याख्या—श्वेतेति । श्वेतमाण्डव्यमुख्याः=श्वेतमाण्डव्यप्रभृतयः सुधियः । मुनयः=विद्वांसः । यतिम् न इच्छन्ति=न स्वीकुर्वन्ति । इति=एवम् । मे=मम गंगादासस्य । गुरुः=आचार्यः । पुरुषोत्तमभट्टः=पुरुषोत्तमभट्टाख्यः । स्वग्रन्थे=निजकृतौ । आह=उक्तवान् ॥

हिन्दी—श्वेतमाण्डव्य आदि विद्वान् यति को अङ्गीकार नहीं करते हैं, ऐसा मेरे गुरु पुरुषोत्तमभट्ट ने अपने ग्रन्थ में कहा है ॥ १४ ॥

काव्यादर्शे—

श्लोकेषु नियतस्थाने पदच्छेदं यतिं विदुः ।
तदपेतं यतिभ्रष्टं श्रवणोद्वेजनं यथा ॥

अन्वयः—श्लोकेषु नियतस्थानं पदच्छेदं यतिं विदुः, यथा तदपेतं यतिभ्रष्टं श्रवणोद्वेजनम् ।

व्याख्या—श्लोकेष्विति । श्लोकेषु वृत्तेषु । नियतस्थानं=निश्चितस्थलम् । पदच्छेदं यतिः इति विदुः=अजानन्त । यथा=येन प्रकारेण, तदपेतं=यतिहीनम्, यतिभ्रष्टं-यतिरहितं वा । श्रवणोद्वेजनम्=कर्णेभ्यः उत्तेजनात्मकं भवति । अतः यतिः नियतस्थान एव कार्या, अन्यथा दुःश्रवता सम्पद्येत ।

काव्यादर्श में—

हिन्दी—श्लोकों में नियत स्थान पर पदच्छेद यति कहलाता है, उससे भिन्न यतिभ्रष्ट होना कानों को खटकता है । अतः नियतस्थान पर ही यति करनी चाहिए, अन्यथा वह कर्णकटु बन जाती है ।

अत एव मुरारिः—

सन्तुष्टे तिसृणां पुरामपि रिपौ कण्डूलदोर्मण्डली-
लीलालूनपुनःप्ररूढशिरसो वीरस्य लिप्सोर्वरम् ।
याच्यादैन्यपराञ्चि यस्य कलहायन्ते मिथस्त्वं वृणु
त्वं वृण्वित्यभितो मुखानि, स दशग्रीवः कथं कथ्यताम् ॥

जनकं प्रति रावणपुरोहितस्य उक्तिरियम् ।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizaqtion by eGangotri

अन्वयः--तिसृणां पुराम् अपि रिपौ सन्तुष्टे कण्डूलदोर्मण्डलीलीलालून-पुनःप्ररूढशिरसः वरं लिप्सोः वीरस्य यस्य मुखानि याञ्चादैन्यपराञ्चि अभितः त्वं वृणु, इति कलहायन्ते सः दशग्रीवः कथं कथ्यताम् ।

व्याख्या—सन्तुष्टेरिति। तिसृणां पुराम्=त्रिभुवनानाम्। अपि रिपौ=शत्रौ शिवे। सन्तुष्टे=प्रसन्ने सति। कण्डूलदोर्मण्डलीलीलालूनपुनःप्ररूढशिरसः-कण्डूलया=कण्डूयनयुक्तया दोर्मण्डल्या=भुजसंहत्या लीलया=क्रीडया लूनानि=कर्तितानि पुनः प्ररूढानि=भूयः सञ्जातानि शिरांसि=उत्तमांगानि यस्य तथा-विधस्य। वरं=वांछितम्। लिप्सोः=प्राप्तुकामस्य। वीरस्य=वलशालिनः। यस्य मुखानि=आननानि। याञ्चादैन्यपराञ्चि=प्रार्थनोत्पन्नदैन्येनावनतानि सन्ति अभितः=उभयतः। त्वं वृणु = वरं ब्रूहि। इति = एवम्। कलहायन्ते = कलहं कुर्वन्ति। एवम् सः=असौ दशग्रीवः—दश=दशसंख्यकाः ग्रीवाः = कण्ठाः सन्ति यस्य सः - रावणः। कथं = केन प्रकारेण। कथ्यताम्=वर्ण्यताम्।

द्वादशाक्षरावसाने यतिर्नियमः। अत्र सा तृतीयपादे 'कलहायन्त' इति 'हा'वर्णान्ते न संलक्ष्यते।

जनक के प्रति रावण के पुरोहित की उक्ति--

हिन्दी—त्रिभुवन रिपु शिव जी के सन्तुष्ट होने पर भुजाओं द्वारा खुज-लाते-खुजलाते खेल-खेल में शिर काट देने वाले और फिर उत्पन्न-शिर युक्त वरदान पाने के इच्छुक जिस वीर रावण के मुख याचना से उत्पन्न दीनता के कारण अवनत हैं (उससे) 'तुम वर माँगो' इस प्रकार विवाद करते हैं, ऐसे दशकण्ठ रावण से कैसे कहा जा सकता है।

द्वादशाक्षर की समाप्ति पर यति का नियम है। वह तृतीय पाद में 'कल-हायन्त' इसमें 'हा' वर्ण के अन्त में नहीं दिखलाई पड़ती है।

जयदेवोऽपि—

साध्वी माध्वीक चिन्ता न भवति भवतः शर्करे! कर्करासि
द्राक्षे! द्रक्ष्यन्ति के त्वामृत! मृतमसि क्षीर! नीरं रसस्ते।
माकन्द! क्रन्द कान्ताधर! धरणितलं गच्छ, यच्छन्ति यावद्
भावं शृङ्गारसारस्वतमयजयदेवस्य विष्वग्वचांसि॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain. Digitizagtion by eGangotri

अन्वयः—हे माध्वीक ! इह यावत् शृंगारसारस्वतमयजयदेवस्य वचांसि विष्वक् भावं यच्छन्ति (तावत्) भवतः चिन्ता न साध्वी । शर्करे ! (त्वं) कर्कशा असि, द्राक्षे ! त्वां के द्रक्ष्यन्ति । अमृत ! मृतम् असि, क्षीर ! ते रसः नीरम् । हे माकन्द ! क्रन्द, कान्ताधर ! धरणितलं गच्छ ॥

व्याख्या—साध्वीति । हे माध्वीक=हे मधो ! इह=अस्मिन् लोके । यावत्=यावत्कालम् । शृङ्गारसारस्वतमयजयदेवस्य—शृंगाररसभारपूरितकविजयदेवस्य । वचांसि=सूक्तानि । विष्वक्=समन्तात् । भावं=प्रेम । यच्छन्ति=ददति । तावत्=तावत्कालम् । भवतः=श्रीमतः । चिन्ता=विचारः । न साध्वी=नैवोत्तमा भवति । हे शर्करे ! त्वम् कर्कशा=कठोरा असि । हे द्राक्षे ! त्वां के द्रक्ष्यन्ति=अवलोकयिष्यन्ति । हे अमृत=हे सुधारस ! त्वम् मृतम्=निर्जीवम् असि । हे क्षीर=हे वारे ! ते=तव रसः नीरम्=जलम् । हे माकन्द ! हे रसाल ! त्वं क्रन्द=रोदनं कुरु । हे कान्ताधर ! हे रमणीरमण ! त्वं धरणितलम्=पातालम् । गच्छ=याहि ।

अत्र तृतीयचरणे सप्तमाक्षरेण विहिता यतिः स्वरसन्धिवशात् सुश्रवैव किन्तु चतुर्थपादे सप्तमचतुर्दशयोर्यतिदोषः एव ।

हिन्दी—हे मधो ! इस संसार में जबतक शृङ्गार-सारस्वतयुक्तजयदेव की सूक्तियाँ चारों ओर प्रेमभाव वितरित नहीं कर देते, तबतक आपको चिन्ता करना ठीक नहीं है । हे शर्करे ! तुम कठोर हो । हे दाख ! तुम्हें कौन रसज्ञ चखेगा । हे अमृत ! तुम निर्जीव हो । हे क्षीर ! तुम्हारा रस जल है । हे रसाल ! तुम रुदन करो, चिल्लाओ । हे कान्ताधर ! तुम पाताल चले जाओ ।

यहाँ तृतीय पाद में सप्तमाक्षर में यति स्वरसन्धि के कारण सुखद है, परन्तु चतुर्थ पाद में सप्तम तथा चतुर्दश वर्णों में यति का दोष ही है ।

एवमन्येऽपि—

कत्यद्रिप्रतिरोधिताः कति नदीपाथोनिधिप्लाविताः
कत्येवाटविताां गताः कति न वा भूदेवदेवैर्वृताः ।
भूम्यो भूमिपतीन्द्र ! तावकयशःप्रस्तावनामण्डली
कोष्ठीकृत्य जगद्धनं कतिवराटीभिर्मुदं यास्यति ॥

अन्वयः—हे भूमिपतीन्द्र ! कति भूम्यः अद्रिप्रतिरोधिताः, नदीपाथोनि-

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

धिप्लाविताः कति एव च अटवितां गताः, भूदेवदेवैः न वृता, यशःप्रस्तावना-मण्डली जगद्धनम् कोष्ठीकृत्य कति वराटीभिः मुदं यास्यति।

व्याख्या—कत्यद्रीति। हे भूमिपतीन्द्र–भूमेः पतयो भूमिपतयस्तेषामिन्द्रः, तत्सम्बुद्धौ=राजराज कति भूम्यः=कतिभूभागाः। अद्रिणा=पर्वतेन। प्रतिरोधिताः=अवरुद्धीकृताः। कति भूम्यः नदीपाथोधिप्लाविताः–नद्यः=सरितः पाथोनिधयश्च=समुद्राश्च, तैः प्लाविताः=आर्द्रीकृताः। कति एव च। अटवि-ताम्=अरण्यत्वम्। गताः=प्राप्ताः भूदेवदेवैः=विप्रश्रेष्ठैः। न वृताः=न गृहीताः, अपि तु गृहीता एव। तावत् यशःप्रस्तावना-मण्डली—यशसः=कीर्त्तेः प्रस्तावना-मण्डली=कथनमण्डली। जगद्धनम्—जगतः=विश्वस्य धनम्=अर्थम्। कोष्ठी-कृत्य=वर्तुलीकृत्य संगृह्य। कति वराटीभिः=कतिपयवराटकैः। मुदं=प्रसन्न-ताम्। यास्यति=गमिष्यति।

अत्र चतुर्थचरणे द्वादशाक्षरं यतिभंगः कविनाऽङ्गीकृत इति।

इसी प्रकार अन्य भी—

